an>

Title: Need to convert the State Highway from Mehandia to Hariharganj in Bihar into National Highway.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) ः राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 98/139 बिहार प्रदेश के अरवल जिला के मेहन्दिया से हसपुरा, पचरूखिया, फेसर, सुन्दरगंज, माली, नवीनगर, टंडवा और रामनगर होते हुए हरिहरगंज सड़क मार्ग से जुड़ती है।

उपर्युक्त सड़क एक महत्वपूर्ण अन्तर्राज्यीय सड़क मार्ग है जो बिहार के संवेदनशील और महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ती है। सड़क मार्ग का अधिकांश भाग वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है, जिसके कारण कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस सड़क के राष्ट्रीय राजमार्ग में परिणत होने से इस क्षेत्र के लोगों का अन्य राज्यों के साथ सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सद्भाव अग्रसर होगा और सड़क का अनुरक्षण और विकास बेहतर ढंग से होंगे। सड़क के उन्नयन से इन क्षेत्रों के निवासियों को रोज़गार का अवसर प्राप्त होगा और कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ होगी। इस संबंध में मैंने सरकार से कई पत्रों के माध्यम से आग्रह किया गया है, परंतु इस संबंध में अभी तक समुचित कार्रवाई नहीं की गई है।

जनहित में सरकार से मेरा पुनः आग्रह है कि उपर्युक्त सड़क को राष्ट्रीय उच्च पथ में परिणत करने की व्यवस्था की जाये ताकि इन पिछड़े क्षेत्र के लोगों का सम्यक विकास हो सके।